RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : सोमवार 05 जून 2023 | वर्ष 05 | अंक 45 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 8 | कीमत : 03 रुपये

दैनिक
# रोकठोक लेखनी
खबरें बे-रोकटोक

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

## रेल मंत्री के इस्तीफे की मांग पर पवार ने लाल बहादुर शास्त्री का दिया उदाहरण



**ओडिशा :** ओडिशा ट्रेन हादसे के बाद रेल मंत्री के इस्तीफे की मांग जोर पकड़ती जा रही है। देशभर के कई नेताओं ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से इस्तीफे की मांग की है। इसी बीच, एनसीपी के प्रमुख शरद पवार ने ओडिशा के बालेश्वर ट्रेन हादसे की जांच कराए जाने की मांग की है। हादसे के बाद नैतिक आधार पर रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के इस्तीफे की मांग के बारे में सवाल किए जाने पर शरद पवार ने एक रेल दुर्घटना के बाद तत्कालीन रेल मंत्री लाल बहादुर शास्त्री के इस्तीफे का उदाहरण दिया। शरद पवार ने लाल बहादुर शास्त्री के इस्तीफे का उदाहरण देते हुए कहा- सत्ता में बैठे लोगों को, जो उचित हो, वह करना चाहिए। जानकारी के मुताबिक, बेंगलुरु-हावड़ा सुपरफास्ट एक्सप्रेस, कोरोमंडल एक्सप्रेस और एक मालगाड़ी के आपस में टक्कर के कारण हुए इस भीषण हादसे में कम से कम 2,000 यात्री प्रभावित हुए हैं। पवार ने पत्रकारों से कहा- यह एक हादसा है और सभी ने जांच की मांग की है। तथ्यों को सामने आने दें, उसके बाद ही कोई सलाह दी जा सकती है।

कुछ राजनीतिक दलों द्वारा रेल मंत्री वैष्णव का इस्तीफा मांगे जाने पर एनसीपी प्रमुख ने कहा- जब लाल बहादुर शास्त्री रेल मंत्री थे, एक दुर्घटना हुई थी। उस वक्त प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू इस्तीफा देने के उनके फैसले क खिलाफ थे, लेकिन शास्त्री जी को लगा कि पद छोड़ना उनका नैतिक दायित्व है. पवार ने कहा कि पूरा देश इस उदाहरण को जानता है और सत्ता में मौजूद लोगों को जो उचित लगता है वही करना चाहिए।

## 'महाराष्ट्र के भावी CM पटोले'...
### लोकसभा की तैयारियों के बीच कांग्रेस नेता के समर्थकों ने लगाये बैनर



**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र में अगले साल विधानसभा चुनाव होने हैं, जबकि उससे पहले लोकसभा चुनाव होंगे। जिसके मद्देनजर सभी राजनीतिक दलों ने सियासी रण में प्रतिद्वंदियों को मात देने की तैयारी शुरू कर दी है। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव और लोकसभा चुनाव को लेकर नेता से लेकर कार्यकर्ता तक जोर-शोर से जुटे हैं। इस बीच कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष नाना पटोले का महाराष्ट्र के भावी सीएम के रूप में लगाये गए पोस्टर चर्चा का विषय बन गए हैं। महाराष्ट्र में चुनाव से पहले जगह-जगह 'भावी मुख्यमंत्री' लिखे पोस्टर दिखने लगे हैं। सोशल मीडिया पर भी 'भावी विधायक, पार्षद, सरपंच' जैसे भावी नेताओं की संख्या भी दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही है। ऐसे ही एनसीपी नेता अजित पवार, सांसद सुप्रिया सुले, उद्धव ठाकरे गुट के नेता आदित्य ठाकरे का भी नाम भावी मुख्यमंत्री के तौर पर पेश किया जा सकता है और अब इसमें कांग्रेस नेता नाना पटोले का भी नाम शामिल हो गया है। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष नाना पटोले का 5 जून को जन्मदिन है। इसके चलते उन्हें जन्मदिन की बधाई देने वाले बैनर भंडारा में लगाए गए हैं। कई बैनरों पर नाना पटोले को भावी मुख्यमंत्री बताया गया है। इसके अलावा बैनर पर किसान पुत्र भी लिखा गया है। कांग्रेस के दिग्गज नेता नाना पटोले ने अपने भावी मुख्यमंत्री वाले बैनर पर कहा, ''किसी को भी ऐसे पोस्टर नहीं लगाने चाहिए। मैं अपना जन्मदिन सामाजिक कार्य करके मनाना चाहता हूं।''

## पति की हत्या के आरोप में महिला के खिलाफ मामला दर्ज




**पालघर :** महाराष्ट्र के पालघर जिले में पुलिस ने एक व्यक्ति की हत्या के आरोप में उसकी 42 वर्षीय पत्नी के खिलाफ मामला दर्ज किया है। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। जवाहर पुलिस थाने के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक सुधीर सांखे ने बताया कि डभेरी गांव में रहने वाले दंपति के बीच घरेलू बातों को लेकर अक्सर झगड़े होते थे और 47 वर्षीय व्यक्ति अपनी पत्नी को परेशान करता था। उन्होंने बताया कि लगातार प्रताड़ना से नाराज महिला ने शनिवार को अपने पति पर कथित तौर पर कुल्हाड़ी से हमला कर उसकी हत्या कर दी। अधिकारी ने बताया कि बाद में कुछ पड़ोसियों ने पुलिस को घटना की जानकारी दी और पुलिस जब मौके पर पहुंची तो व्यक्ति को खून से लथपथ पाया।

## 'ऑफिस में सहकर्मी महिला के फिगर की तारीफ करना भी अपराध', मुंबई कोर्ट की टिप्पणी



**मुंबई :** मुंबई की अदालत ने ऑफिस में यौन शोषण के एक मामले की सुनवाई करते हुए अहम टिप्पणी की है। कोर्ट का कहना है कि किसी महिला सहकर्मी को यह बताना कि उसका फिगर सुंदर है, उसने खुद को अच्छी तरह मेंटेन किया है, यह भी अपराध की श्रेणी में आता है। एक रियल एस्टेट कंपनी की महिला कर्मचारी की याचिका पर सुनवाई करते हुए कोर्ट ने यह बात कही। दोनों आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है और ताजा सुनवाई में यह टिप्पणी करते हुए कोर्ट ने दोनों की जमानत याचिका भी खारिज कर दी। महिला ने 24 अप्रैल को मुंबई में अंधेरी स्थित रियल एस्टेट कंपनी के 42 वर्षीय सहायक प्रबंधक और 30 वर्षीय सेल्स मैनेजर के खिलाफ पुलिस में शिकायत की थी। दोनों पर महिला का अपमान करने के लिए आईपीसी की धारा 354 के तहत मामला दर्ज किया गया था। साथ ही 354अ यौन उत्पीड़न के लिए, 354ऊपीछा करने के लिए और धारा 509 अपशब्दों का इस्तेमाल करने के लिए भी केस दर्ज किया गया।

महिला का आरोप है कि दोनों पुरुष सहयोगी उसे लगातार कहते थे: 'मैडम, आपने खुद को बहुत मेंटेन रखा है... आपका फिगर बहुत अच्छा है... क्या मैम, मेरे साथ बाहर जाने के बारे में कुछ सोचा नहीं?'

सत्र न्यायालय ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद कहा कि प्रथम दृष्टया दोनों के खिलाफ मामला बनता है। जस्टिस एजेड खान ने कहा, यह ऐसा केस नहीं है जिसमें अभियुक्त को अग्रिम जमानत पर रिहा किया जा सके। महिला ने पहले इसकी शिकायत अपने ऑफिस के अधिकारियों से की थी। इसके बाद वह पुलिस के पास गई। जज ने आगे कहा, इसमें कोई संदेह नहीं है कि अपराध गंभीर है।

## झगड़े के बाद युवक को दूसरी मंजिल से धक्का देकर हत्या करने के दोषी को उम्रकैद



**ठाणे :** ठाणे महाराष्ट्र में ठाणे जिले की एक अदालत ने 2016 में एक झगड़े के बाद एक व्यक्ति को एक इमारत की दूसरी मंजिल से धक्का देकर उसकी हत्या करने के जुर्म में 30 वर्षीय एक व्यक्ति को उम्रकैद की सजा सुनाई है। कल्याण में सत्र न्यायाधीश एस बी काचरे ने शनिवार को दिए आदेश में जनार्दन हरिराम वर्मा पर 7,000 रुपये का जुर्माना भी लगाया। अभियोजक ने अदालत को बताया कि घटना के वक्त विनोद कुमार चौधरी की आयु 37 वर्ष थी। वह कल्याण इलाके में अदिवाली गांव की एक इमारत में एक डेवलपर के कार्यालय में जाया करता था, जहां दूसरी मंजिल पर एक महिला का घर भी था जो एक बार में काम करती थी।

अभियोजन पक्ष के अनुसार, चौधरी की महिला से दोस्ती हो गयी और उनके बीच प्रेम प्रसंग शुरू हो गया। उसने बताया कि डेवलपर के कार्यालय में काम करने वाले वर्मा को यह पसंद नहीं आया और उसने महिला से चौधरी के साथ रिश्ता खत्म करने को कहा। अभियोजन पक्ष ने बताया कि 22 जुलाई 2016 को जब चौधरी महिला के घर आया तो आरोपी भी वहां पहुंचा और दोनों ने शराब पी जिसके बाद उनके बीच झगड़ा हुआ। अभियोजन ने अदालत को बताया कि इसके बाद आरोपी ने चौधरी को इमारत की दूसरी मंजिल पर स्थित घर के छज्जे से धक्का देकर उसकी हत्या कर दी। आरोपी के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 302 (हत्या) समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था।




## संपादकीय / लेख



फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

### रिश्तों में गर्मजोशी

पिछले साल के अंत में जब नेपाल की राजनीति में हुए नाटकीय घटनाक्रम के बाद कम्युनिस्ट नेता पुष्पकमल दहल 'प्रचंड' तीसरी बार प्रधानमंत्री बने तो कयास लगाये जा रहे थे कि अब नेपाल पूरी तरह चीन के प्रभाव में जा सकता है। इसकी वजह लंबे समय से भारत के खिलाफ नेपाल से चलाया जा रहा अभियान भी था। अब जब प्रचंड ने प्रधानमंत्री बनने के बाद अपनी पहली विदेश यात्रा के रूप में भारत को चुना तो कई आशंकाओं पर विराम लगा। फिर भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ जिस गर्मजोशी से उनकी मुलाकात हुई और महत्वपूर्ण समझौतों को अंतिम रूप दिया गया, उससे दोनों देशों के रिश्ते फिर से पटरी पर आते दिखे। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि इस मुलाकात में सीमा विवाद और अग्निवीर जैसे विवादास्पद विषयों से परहेज किया गया। साथ ही प्रधानमंत्री मोदी का बयान कि दोनों देश अपने संबंधों को हिमालय की ऊंचाई तक ले जाएंगे, भविष्य को लेकर नई उम्मीद जगाता है। कहना अतिरंजित होगा कि दोनों देशों के रिश्ते इस यात्रा से हिट-सुपरहिट हो गये, लेकिन रिश्तों पर जमी अविश्वास की बर्फ किसी हद तक पिघली जरूर है। दोनों प्रधानमंत्रियों के बीच ऊर्जा, व्यापार व परिवहन को लेकर हुए समझौते नई उम्मीद जगाते हैं। निस्संदेह, भारत व नेपाल के बीच सदियों से सामाजिक, आर्थिक व समृद्ध सांस्कृतिक संबंध रहे हैं। कहा जा सकता है कि दोनों देशों में रोटी-बेटी का रिश्ता रहा है। प्रचंड की हालिया भारत यात्रा के दौरान हुए महत्वपूर्ण समझौतों ने उन्हीं संबंधों को नये सिरे से ऊर्जा प्रदान की है। जो निश्चित रूप से द्विपक्षीय रिश्तों को नये आयाम देगी। निश्चय ही कुछ समय से रिश्तों में चली आ रही तल्खी पर अब विराम लग सकेगा। नेपाल के साथ भारत की लंबी सीमा लगती है और देश के पांच राज्य उससे प्रभावित होते हैं। कुछ राजनीतिक पंडित इस गर्मजोशी के मूल में नेपाल से सटे राज्यों में आगामी आम चुनाव में लाभ लेने की मंशा भी जताते हैं। बहरहाल, दक्षिण एशिया में शांति के दृष्टिगत दोनों देशों के मधुर संबंध वक्त की जरूरत भी हैं। हाल के वर्षों में दोनों देशों के संबंधों में आई खटास को दूर करना भी बेहद जरूरी था क्योंकि चीन इस स्थिति का लाभ उठाने का कोई मौका नहीं चूकना चाहता है। वह नेपाल की अंदरूनी राजनीति में लगातार हस्तक्षेप करता रहा है। उसकी शह पर ही नेपाल में यह कुप्रचार किया जाता रहा है कि भारत उसके कई इलाकों पर कब्जा करना चाहता है। वहीं दूसरी ओर कई विकास परियोजनाओं में चीन की लगातार बढ़ती भागीदारी भी भारत की चिंता का विषय रहा है। बहरहाल, मतभेद व मनभेद को दूर करके आपसी सामंजस्य व सौहार्द के जरिये दोनों देशों में रिश्ते मजबूत करने के हालिया प्रयासों के दूरगामी प्रभाव हो सकते हैं। निश्चय ही संवाद से ही दोनों देशों के संबंध बेहतर हो सकते हैं। साथ ही क्षेत्र में समृद्धि और शांति की राह प्रशस्त हो सकती है।

+91 99877 75650

editor@rokthoklekhaninews.com

Faisal Shaikh @faisalshaikh_91

# 'दाऊद इब्राहिम के नाम से मिल रहीं मुझे धमकियां...'

## समीर वानखेड़े का दावा- मेरी जान को खतरा



**मुंबई :** बॉलीवुड अभिनेता शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान से जुड़े ड्रग्स-ऑन-क्रूज मामले में कथित रिश्वतखोरी के आरोपों में घिरे पूर्व नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) मुंबई के जोनल निदेशक समीर वानखेड़े ने दावा कर कहा है कि उन्हें अंडरवर्ल्ड डॉन दाऊद इब्राहिम के नाम से धमकियां मिल रही हैं. समीर वानखेड़े ने पुलिस को दिए एक बयान में कहा, मुझे ट्विटर के किसी फर्जी अकाउंट से दाऊद इब्राहिम के नाम से धमकियां मिल रही हैं. उन्होंने बताया उनके परिवार को भी ये धमकियां दी जा रही हैं. पुलिस सूत्रों के मुताबिक, वानखेड़े ने धमकी मिलने के बाद मुंबई पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों को इसकी सूचना दी जिसके बाद मामले पर गंभीरता से जांच हो रही है.

**समीर वानखेड़े की गिरफ्तारी पर 8 जून तक रोक**

दरअसल, वानखेड़े के खिलाफ सीबीआई ने एफआईआर दर्ज की है. एजेंसी का कहना है कि समीर ने ड्रग्स केस में शाहरुख खान के बेटे आर्यन को छोड़ने के बदले 25 करोड़ की मांग की थी. इस मामले में एजेंसी ने समीर के अलावा 4 और लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है. हालांकि, अपनी गिरफ्तारी से बचने के लिए समीर ने कोर्ट का दरवाजा खटकाया जिसके बाद अदालत ने उनकी गिरफ्तारी पर 8 जून तक रोक लगा दी थी. इसी के साथ कोर्ट ने वानखेड़े को निर्देश दिए थे कि वो इस दौरान शाहरुख खान के साथ हुई व्हॉट्सऐप चैट को पब्लिक नहीं करेंगे साथ ही मीडिया से भी बात नहीं की जाएगी. इससे पहले केंद्रीय जांच एजेंसी ने समीर से 20 और 21 मई को मामले में करीब 11 घंटे पूछताछ की थी. एजेंसी के सामने पेश होने से पहले समीर ने सत्यमेव जयते का नारा दिया था.

## कांग्रेस ने 41 लोकसभा सीटों की समीक्षा की... मुंबई पर अलग से होगी चर्चा



**मुंबई :** महाराष्ट्र में कांग्रेस ने 41 लोकसभा सीटों की समीक्षा की है जबकि मुंबई के छह निर्वाचन क्षेत्रों के साथ ही चंद्रपुर सीट की समीक्षा अलग-अलग की जाएगी. पार्टी की राज्य इकाई के अध्यक्ष नाना पटोले ने शनिवार को यह जानकारी दी. उन्होंने कहा कि महा विकास आघाड़ी (एमवीए) की बैठक में सीटों के बंटवारे पर चर्चा की जाएगी. महाराष्ट्र में लोकसभा की 48 सीटें हैं. पार्टी की दो दिवसीय समीक्षा बैठक के अंतिम दिन पत्रकारों से बात करते हुए पटोले ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी को हराने के संकल्प के साथ कांग्रेस उत्साह से 2024 का लोकसभा चुनाव लड़ने के लिए तैयार है.

## घर में सोती मां-बेटी को आग लगाकर मार डाला, पति मुंबई में करता है मेहनत मजदूरी



**महाराष्ट्र :** जिले के पोठिया थाना क्षेत्र अंतर्गत चनामना गांव में घर में सोई मां और बेटी को पेट्रोल छिड़ककर आग लगाकर मार डाला। घटना शनिवार देर रात 12 बजे के करीब उस वक्त घटी, जब सभी लोग अपने घरों सोए हुए थे। जानकारी के मुताबिक, आपसी रंजिश में किसी अज्ञात ने दरवाजे के नीचे से पेट्रोल छिड़का और फिर उसमें आग लगा दी, जिसमें मां और दो बेटियां चपेट में आ गई। मां और छोटी बेटी की मौत हो गई, जबकि बड़ी बेटी अस्पताल में जिंदगी के लिए जंग लड़ रही है।

मृतकों की पहचान 32 वर्षीय अंजुरा खातुन और उनकी तीन साल की बेटी रिया बेगम के तौर पर हुई है, जबकि बड़ी बेटी फलक नाज नॉर्थ बंगाल मेडिकल कॉलेज अस्पताल सिलीगुड़ी में जीवन और मौत के बीच झूल रही है। गांव में घटी इस घटना से ग्रामीण दुखी और हैरान हैं। घटना रात के 12 बजे घटी, इस दौरान बिजली भी गुल थी। घर में आग लगने के बाद गृहिणी अंजुरा खातुन खिड़की के पास बचाओ-बचाओ की गुहार लगाई। शोर सुनकर ग्रामीण पहुंचे।

इधर, अंजुरा की बड़ी बेटी फलक नाज ने किसी तरह घर का दरवाजा खोला, लेकिन जब तक ग्रामीण मदद के लिए पहुंचते तब तक काफी देर हो चुकी थी। मां और दोनों बेटियों के शरीर बुरी तरह आग में झुलस चुके थे। गांव वाले आनन-फानन तीनों को इस्लामपुर अस्पताल लेकर गए, जहां उनकी गंभीर स्थिति को देखकर तीनों को नॉर्थ बंगाल मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया गया, लेकिन अस्पताल पहुंचते ही मां और छोटी बेटी की मौत हो गई।

## आश्रम में तोड़फोड़ के एक मामले में राकांपा नेता दोषी करार...



**ठाणे :** महाराष्ट्र के ठाणे जिले की एक अदालत ने राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के एक नेता को 2015 में एक आश्रम में तोड़फोड़ करने और उसमें रहने वाले लोगों पर हमला करने के एक मामले में दोषी ठहराया है। कल्याण अदालत के सत्र न्यायाधीश शौकत एस गोरवाडे ने राकांपा की बदलापुर शहर इकाई के अध्यक्ष आशीष आनंद दामले (35) को भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 147 (दंगा), 323 (जानबूझकर से चोट पहुंचाना) और अन्य प्रासंगिक प्रावधानों के तहत दोषी ठहराया।

अदालत ने एक बार सजा सुनाने के बजाय, 25 मई को दिए अपने आदेश में निर्देश दिया कि आरोपी को 15,000 रुपए के मुचलके तथा 15,000 रुपये की जमानत राशि पर रिहा किया जाए। उन्होंने कहा कि तीन साल की अवधि के दौरान दोषी को कभी भी सजा दी जा सकती है। इसके अलावा, अदालत ने दामले को निर्देश दिया कि वो संपत्ति के नुकसान की भरपाई के लिए आश्रम के संरक्षक को एक महीने के भीतर पांच लाख रुपये दे।

इस मामले में न्यायाधीश ने 18 अन्य लोगों को बरी कर दिया जिस पर राकांपा नेता के साथ मुकदमा चलाया गया था। अभियोजन पक्ष के अनुसार, दो जून, 2015 को, दामले ने एक भीड़ के साथ अंबरनाथ में साधना मठ के संरक्षक और अन्य लोगों के साथ मारपीट और परिसर में तोड़फोड़ की। अदालत ने कहा कि दामले अपने सहयोगियों के साथ गैरकानूनी संगठन बनाने और आपराधिक अतिचार करने, दंगा करने, स्वेच्छा से चोट पहुंचाने तथा अन्य मामलों में दोषी था।

# मुंबई के जेजे अस्पताल में रेजिडेंट डॉक्टरों की हड़ताल जारी

## डॉ. लहाने ने आरोपों को नकारा, कहा-विभाग कर रहा है अच्छा काम



**मुंबईः** स्टाइपेंड के भुगतान व सर्जरी से दूर रखे जाने से नाराज जेजे अस्पताल के रेजिडेंट डॉक्टरों की तीसरे दिन भी हड़ताल जारी रही, जिसके चलते शुक्रवार को मरीजों की मुश्किलें बढ़ गईं। रेजिडेंट डॉक्टरों ने सोमवार से अपनी हड़ताल को राज्य स्तरीय करने की योजना बनाई है। अस्पताल की डीन डॉ पल्लवी सापले ने कहा कि हड़ताल करनेवाले डॉक्टरों के साथ हमारी बातचीत जारी है। हालांकि, डॉक्टरों की इस हड़ताल से होनेवाली परेशानी से बचने के पर्याप्त इंतजाम किए गए हैं। शुक्रवार को अस्पताल में कुल 46 सर्जरी की गई। इसमें से 10 बड़ी सर्जरी थी, जबकि 36 छोटी सर्जरी की गई। इस बीच, अस्पताल की ओपीडी में 1,467 मरीज पहुंचे और 55 नए मरीज भर्ती किए गए। फिलहाल अस्पताल में 850 मरीज भर्ती हैं।

**'आरोपों की एकतरफा जांच'**

अस्पताल के पूर्व डीन डॉक्टर लहाने ने रेजिडेंट डॉक्टरों की ओर से लगाए जा रहे आरोपों को लेकर शुक्रवार को मीडिया के सामने सफाई दी है। उन्होंने कहा कि नेत्र चिकित्सा विभाग काफी अच्छा काम कर रहा है। 1995 से पहले तक इस विभाग में केवल 30 मरीज आते थे। तब साल भर में आंखों की 600 सर्जरी होती थी। वर्तमान में 300 से 400 मरीज विभाग में रोजाना आ रहे हैं और साल भर में दस हजार से 18 हजार के करीब सर्जरी हो रही है।

### लहाने के खिलाफ नारेबाजी

**इससे पहले, बुधवार से अस्पताल परिसर में हड़ताल पर बैठे रेजिडेंट डॉक्टरों ने नेत्र चिकित्सा विभाग की प्रमुख डॉ रागिनी पारेख व अस्पताल के पूर्व डीन टी. पी. लहाने के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और उन्हें अस्पताल से बाहर करने की मांग की। एक रेजिडेंट डॉक्टर ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि अस्पताल के पूर्व डीन लहाने का कहना है कि वे स्टेप-बाय स्टेप सर्जरी सिखाते हैं, लेकिन उसे अस्पताल में 15 महीने बीत गए हैं। उसे अब तक सर्जरी के नाम पर कुछ नहीं करने दिया गया है, जबकि दूसरे अस्पतालों में ऐसा नहीं है।**

### मरीज की बढ़ी मुसीबत

**जेजे अस्पताल के आथोर्पेडिक वार्ड 10 में घुटने के इलाज के लिए भर्ती मरीज सफी की सर्जरी डॉक्टरों के हड़ताल के चलते टल गई। सोमवार से अस्पताल में भर्ती सफी की शुक्रवार को सर्जरी होनी थी। डेट दी गई थी, लेकिन जब सर्जरी का समय आया तो उन्हें बताया गया कि अब उन्हें दोबारा ऑपरेशन की तारीख बताई जाएगी। कई अन्य मरीजों की भी सर्जरी टाल दी गई है। नेत्र चिकित्सा विभाग में इमरजेंसी सर्जरी को छोड़कर बाकी एक भी सर्जरी नहीं हुई है।**

# ठाणे जिले का रिजल्ट 93.63 प्रतिशत, लड़कों की अपेक्षा लड़कियां अव्वल



**ठाणे :** महाराष्ट्र राज्य शिक्षा परिषद की तरफ से 10वीं का परीक्षा परिणाम शुक्रवार को घोषित कर दिया गया। ठाणे जिले में 93.63 प्रतिशत परीक्षार्थी उत्तीर्ण घोषित किए गए हैं। इस बार भी लड़कों की अपेक्षा लड़कियों ने अधिक सफलता हासिल की हैं। शिक्षा परिषद ने परीक्षा परिणाम घोषित करने का ऐलान पहले ही कर दिया था। ऑनलाइन रिजल्ट घोषित किया गया था उसके बावजूद कई स्कूलों में विद्यार्थियों की भीड़ देखी गयी।

कई स्कूल प्रबंधन ने परीक्षार्थियों को दूसरे कालेजों में प्रवेश को लेकर उन्हें मार्गदर्शन के लिए बुलाया था। उत्तीर्ण होने वाले विद्यार्थियों में जहां खुशी व्याप्त है, वहीं अच्छे ज्युनियर कॉलेज में एडमिशन की चिंता भी सताने लगी है। ज्युनियर कॉलेज में प्रवेश के लिए ऑनलाइन पंजीकरण शुरू हो गया है।

**ठाणे जिले में इतने विद्यार्थियों ने परीक्षा के लिए कराया था पंजीकरण**

इस साल ठाणे जिले में 1 लाख 11 हजार 587 विद्यार्थियों ने 10 वीं की परीक्षा के लिए पंजीकरण कराया था। जिसमें 57 हजार 562 लड़के और 54 हजार 25 लड़कियां शामिल थी। शुक्रवार को घोषित परीक्षा परिणाम के मुताबिक 52 हजार 743 लड़के और 51 हजार 359 लड़कियां कुल मिलाकर 1 लाख 4 हजार 102 परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए हैं। लड़कों का परीक्षा परिणाम 91.98 प्रतिशत आया है, जबकि 95. 38 प्रतिशत लड़कियां पास हुई हैं।

# 5 जून को अंधेरी में सुबह से लेकर शाम तक नहीं आएगा पानी



**मुंबई :** 5 जून को अंधेरी पूर्व एवं पश्चिम सहित जोगेश्वरी पूर्व के कुछ इलाकों में पानी नहीं आएगा। बीएमसी जल आपूर्ति विभाग के अनुसार अंधेरी पूर्व में रम्य जीवन सोसायटी के पास कार्डिनल ग्रेसियस रोड पर पाइप लाइन जोड़ने का काम किया जाएगा। मरम्मत कार्य 5 जून की सुबह 8 बजे से रात 12 बजे तक किया जाएगा। पाइप लाइन मरम्मत कार्य के दौरान अंधेरी पूर्व एवं पश्चिम सहित जोगेश्वरी पूर्व के कई हिस्सों में पानी सप्लाई नहीं होगी। बीएमसी ने लोगों से अपील की है कि इस दौरान लोग पानी का उपयोग बचाकर कर करें। अंधेरी पूर्व में महाकाली गुफा के पास बी.डी.सामंत मार्ग चौक पर नई 1500 मिमी व्यास की पाइप लाइन डालने और 1200 मिमी पार्ले आउटलेट जोड़ने का काम सोमवार को किया जाएगा। पाइप लाइन जोड़ने और मरम्मत कार्य 16 घंटे तक चलेगा। मरम्मत के चलते सोमवार की सुबह 8 बजे से लेकर रात 12 बजे तक अंधेरी पूर्व और पश्चिम सहित जोगेश्वरी पूर्व में पानी सप्लाई नहीं होगी। जोगेश्वरी पूर्व में त्रिपाठी नगर, मुंशी कॉलोनी, बस्ती वाला कंपाउंड, कलेक्टर कॉलोनी, दुर्गा नगर, मातोश्री क्लब, दुर्गा नगर एरिया शामिल है।

**मुंबई के इन इलाकों में पानी नहीं**

अंधेरी पूर्व में विशाल हॉल, वर्मा नगर, कामगार कल्याण, मांजरेकर वाडी, बीमा नगर, गुंदवली गावठन पंथकी बाग, तेली गली, कोलडोंगरी, जीवा महाले रोड, सैवाडी, जीवन विकास केंद्र मार्ग शामिल हैं। इसके अलावा शिवाजी नगर, संभाजी नगर, हनुमान रोड, श्रद्धानंद रोड, नेहरू रोड, तेजपाल रोड, शास्त्री नगर, राजेंद्र प्रसाद नगर, अंबेडकर नगर, काजूवाडी में भी पानी नहीं आएगा। विले पार्ले ईस्ट के डोमेस्टिक एयरपोर्ट, अमृत नगर, रामबाग, चकाला गावठण, चकाला वजन काटा और अंधेरी पश्चिम में मोरा गांव एवं जुहू गांव एरिया में पानी नहीं आएगा।

# नागरिकों के स्वास्थ्य से हो रहा खिलवाड़

## नवी मुंबई में रेलवे स्टेशन के पास मे नालों के पानी से सब्जियों की खेती...

**नवी मुंबई :** नवी मुंबई में हार्बर रूट पर रेलवे स्टेशन के पास में नाले और गटर के पानी से सब्जियां उगाई जा रही हैं। जिसे पहले खुदरा बाजार या होटल व्यवसायियों को बेचा जा रहा था। लेकिन अब यह सब्जी वाशी के एपीएमसी बाजार में भी बिकने लगी है। जिसे नवी मुंबई, मुंबई और उपनगरों में खुदरा सब्जी विक्रेता खरीदकर बेचने के लिए ले जा रहे हैं। ऐसी सब्जियों को बेचकर लोगों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ किया जा रहा है। जिसकी जानकारी होने के बावजूद प्रशासन द्वारा इस मामले को अनदेखी की जा रही है।

गौरतलब है कि वाशी स्थित एपीएमसी की सब्जी बाजार में महाराष्ट्र के अलावा पड़ोसी राज्यों से पत्तेदार सब्जियां और फल सब्जियां बिक्री के लिए आती हैं। विगत कुछ सालों से नवी मुंबई के जुईनगर, तुर्भे से लेकर ऐरोली, मानखुर्द, ठाणे, कल्याण, भिवंडी तक रेलवे लाइन के किनारे नालों और गटर के पानी से उगाई जाने वाली सब्जियां वाशी स्थित एपीएमसी की सब्जी मंडी में बिक रही हैं। जिसकी आवक लगातार बढ़ रही है।



**नालों और गटर के पानी से सब्जियों की सिंचाई**

गौरतलब है कि रेलवे ट्रैक के पास की जमीन पर अतिक्रमण से बचने के लिए रेल प्रशासन मामूली शुल्क लेकर जमीन को पट्टे पर दे देता है। जिस पर जल्दी तैयार होने वाली पत्तेदार सब्जियों की खेती की जाती है। जिसकी सिंचाई के लिए पानी की व्यवस्था नहीं है, इसलिए इन पत्तेदार सब्जियों की खेती करने वाले पास से गुजरने वाले नालों और गटर के पानी से सब्जियों की सिंचाई होती हैं।

**रासायनिक अपशिष्ट जल का किया जा रहा उपयोग**

रेलवे स्टेशनों के पास उगाई जाने वाली पत्तेदार सब्जियों में पालक, भिंडी, लाल चौली, हरी चौली, मूली, पत्तेदार प्याज जैसी सब्जियां शामिल हैं। इन पत्तेदार सब्जियों को उगाने के लिए रेलवे पटरियों के किनारे से गुजरने वाली गटर और नालों से बहने वाले रासायनिक अपशिष्ट जल का उपयोग किया जा रहा है। जानकारों का कहना है कि इस तरह के रासायनिक तत्व वाले पानी से उगाई गई सब्जियों का सेवन से पेट और शरीर से संबंधित कई गंभीर बीमारी होने का खतरा है। उक्त अपशिष्ट पानी में विभिन्न प्रकार के रसायन, जहरीली गैसें, शौचालय का अपशिष्ट जल होता है, जो शरीर के लिए हानिकारक होता है। मुख्य रूप से नाइट्रोजन, लेड, फास्फोरस तथा अन्य विषैले पदार्थ हमारे शरीर के लिए हानिकारक होते हैं। रासायनिक तत्व वाले पानी से उगाई गई सब्जियों का सेवन शरीर में ऑक्सीजन की आपूर्ति में बाधा डालती है, जबकि इन सब्जियों में मौजूद सीसा और अन्य भारी धातुएं रोगप्रतिकारक प्रणाली की क्षमता को कमजोर करती हैं। इसके अलावा जो लोग इन पत्तेदार सब्जियों को खाते हैं उनमें श्वसन संबंधी रोग होने की संभावना अधिक होती है। इन सब्जियों के सेवन से बच्चों को डायरिया होने की संभावना बनी रहती है। इस तरह की सब्जियों को उगाने पर रोक लगाने की जरूरत है।

# मानसून के दौरान निचले इलाको में पानी भरने पर 477 पंप निकालेगी पानी

## पंपों के संचालन की जिम्मेदारी नोडल अधिकारियों पर

**मुंबई।** मानसून के दौरान निचले इलाकों में जलजमाव को रोकने के लिए मनपा प्रशासन ने 477 स्थानों पर पंप लगाने का निर्णय लिया है। पंप के द्वारा पानी को उठाकर दूर कर फेंका जाएगा जिससे नागरिकों को राहत मिलेगी। मनपा ने पंप के संचालन और उस पर निगरानी रखने के लिए नोडल अधिकारियों की नियुक्ति की है। मनपा आयुक्त इकबाल सिंह चहल और अतिरिक्त आयुक्त पी वेलरासु ने मनपा अधिकारियों को निर्देश दिया था कि बारिश के समय लोगो को कम तकलीफो का सामना करना पड़े इसको लेकर उपाय योजना करे। मनपा प्रशासन नाला सफाई से लेकर पम्पिंग स्टेशन को चुस्त और दुरुस्त कर दिया है। इसके बावजूद कुछ निचले इलाको में पानी भरने की संभावना बनी रहती है। मनपा ने इसी समस्या का निपटारा करने के लिए मुंबई भर में 477 पंप लगाने का निर्देश दिया है। जिसकी तैयारी मनपा प्रशासन ने की है। मनपा ने जानकारी दी है कि यह पंप 344 स्थानों पर पंप लगाए जाएंगे। मुंबई में प्रति घंटे 55 मिमी से अधिक बारिश होती है और इस दौरान समुद्र में हाईटाइड आता है तो निचले इलाकों में जलजमाव की संभावना होती है। मनपा ने इसी समस्या से निपटने के लिए इन स्थानों पर पंप लगाने का निर्णय लिया है। पंप साइट पर मैनपावर जैसे ऑपरेटर और हेल्पर की व्यवस्था की गई



है। जरूरत के समय पंप ठीक से चलता रहे इसकी जिम्मेदारी वार्ड के सहायक अभियंता पर समन्वयक अधिकारी को दी गई है।पंप 24 घंटे तैयार रहेंगे इसकी जिम्मेदारी समन्वय अधिकारियों की होगी.

**इस तरह अलगे है पंप**

शहरी क्षेत्र में कुल 187 पंप लगाए गए हैं। पश्चिम उपनगर में 166 पंप और पूर्व उपनगर में 124 पंप लगाए गए हैं।

**इन इलाको में लगा है पंप**

कोलाबा गीता नगर, ओएनजीसी येलो गेट, गोल देउल (ग्रांट रोड), नाना चौक, हैनकॉक ब्रिज, जीजामाता गार्डन (भायखला ), वायु सेना स्टेशन (कॉटन ग्रीन), सरदार होटल (चिंचपोकली), जीजामाता नगर (अभ्युदय नगर), परेल पूर्व स्टेशन के बाहर, टाटा मिल कंपाउंड (परेल ), शिंदेवाड़ी कोर्ट (दादर), हिंदमाता फ्लाईओवर के नीचे, सेंट जेवियर्स गार्डन (परेल ), प्रतीक्षा नगर (सायन), वडाला फायर स्टेशन (एंटॉप हिल), दादर टी.टी. बेस्ट वर्कशॉप, भरनी नाका (वडाला), करी रोड रेलवे कल्वर्ट , महालक्ष्मी कल्वर्ट , धारावी कोलीवाड़ा, खार भुयारी मार्ग, साहित्य सहवास (कलानगर), चमडावाड़ी नाला (बांद्रा), बीकेसी मेट्रो स्टेशन (बांद्रा), चिंबल आउटफॉल (हंसबर्ग जंक्शन), विद्यानगरी मेट्रो स्टेशन (कलिना), एयर इंडिया रोड (सांता क्रूज), भाभा अस्पताल (बांद्रा), मिलन सबवे , जोगेश्वरी सबवे , खार सबवे , टीचर्स कॉलोनी (अंधेरी), मोतीलाल नगर (गोरेगांव), मलाड सबवे , पोयसर सबवे , नैंसी कॉलोनी, शिमपोली (बोरीवली), दहिसर सबवे, काजुपाड़ा पाइपलाइन (कुर्ला), कुर्ला स्टेशन, तिलक नगर स्टेशन, देवनार पशुपालन, पोस्टल कॉलोनी (चेंबूर), पंतनगर (घाटकोपर), विद्याविहार स्टेशन, नाहूर रेलवे स्टेशन , हरियाली गांव (विक्रोली), केईएम अस्पताल (परेल ), लोकमान्य तिलक अस्पताल स्टाफ कॉलोनी (सायन)।

# प्रेमी का इनकार, प्रेमिका ने की आत्महत्या

## बांद्रा इलाके में आरोपी प्रेमी और बहन हुए गिरफ्तार...

**मुंबई :** बांद्रा इलाके में एक युवती की आत्महत्या का मामला सामने आया है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक शादी से इनकार करने पर युवती ने आत्महत्या की है। कई दिनों से दोनों के बीच प्रेम संबंध था, इसके बाद दोनों शादी करनेवाले थे, लेकिन जिस युवक से शादी करनी थी वह उसे अकेला छोड़कर भाग गया। जिसके बाद मां की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी प्रेमी और उसके बहन के खिलाफ एफआईआर दर्ज किया है। मामले की अधिक जांच पुलिस द्वारा की जा रही है।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक छह मई को पुलिस को जानकारी मिली कि एक युवती ने भारत नगर इलाके में आत्महत्या कर लिया है। जिसके बाद पुलिस ने मामले में एडीआर दर्ज किया। 15 मई को पुलिस ने मां की शिकायत पर आरोपी प्रेमी के खिलाफ एफआईआर दर्ज किया। मामले की जांच कर पुलिस ने 31 मई को प्रेमी और उसकी बहन को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार किए गए प्रेमी का नाम अमन अंसारी (21) और तरन्नुम अंसारी (27) है। दोनों को सोमवार तक पुलिस हिरासत में भेजा गया है।

**युवती करना चाहती थी शादी**

मां द्वारा दी गई शिकायत के मुताबिक आरोपी अमन और शिकायतकर्ता की बेटी पिछले कुछ दिनों से भारत नगर इलाके में एक साथ रहते थे। उंसके मामा ने मां को बताया कि दोनों ने शादी करने का फैसला



लिया है और पिछले कुछ दिनों से साथ में रह रहे हैं। लेकिन 6 मई को एक रिश्तेदार को फोन गया कि युवती ने आत्महत्या कर ली है।

**अस्पताल में चल रहा था इलाज**

छह मई को जब युवती ने चूहे मारने की दवा खाई तब उसे अन्न फानन में अस्पताल ले जाया गया। जहां प्राथमिक इलाज के बाद उससे मां ने बात किया। तब उसने अपनी आपबीती मां को बताई। इसके बाद आरोपी की बहन ने पीड़ित को फोन किया और कहने लगी कि उसका भाई उससे शादी नहीं करेगा। इसके बाद उसकी तबियत बिगड़ने लगी और फिर उसे आईसीयू में ले जाना पड़ा। जांच के बाद डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।


**शादी का दिया था झांसा**

आरोपी अमन ने युवती को कहा था कि वह उससे शादी करेगा। इसीके बाद दोनों भारत नगर में रहने आये थे। अचानक उंसके छोड़कर जाने से वह परेशान हो गई और उसने आत्महत्या कर ली। हालांकि अब पूरे मामले की जांच बीकेसी पुलिस ककर रही है। एडवोकेट आदिल खत्री इस मामले में अदालत में युवती की तरफ से पक्ष रख रहे हैं।

# 60 प्रतिशत बढ़ा ब्रिज निर्माण का खर्च

## 9 करोड़ से बढ़कर 15 करोड़ पहुंचा खर्च

**मुंबई :** मनपा ने बी वार्ड ( सैंड हर्स्ट रोड ) और ई वार्ड ( भायखला ) के अंतर्गत अण्णा साहेब पाटील (ग्लोरिया चर्च) ब्रिज, सीताराम सेलम (वाय ब्रिज) , ऑलिवेंट रेलवे आरओबी, मस्जिद पूर्व और पश्चिम को जोड़ने वाला पादचरी पुल और भंडारी रेलवे ब्रिज का मरम्मत करने के लिए मनपा ने स्ट्रक्चरल ऑडिट कराया था। मनपा ने ब्रिज के मरम्मत और निर्माण का खर्च वर्ष 2021 में 94741425 करोड़ रुपये मंजूर किया था । इस बीच मनपले ने ब्रिजो का दोबारा स्ट्रक्चरल ऑडिट करने का निर्णय लिया ब्रिज का दोबारा स्ट्रक्चरल ऑडिट के बाद मरम्मत करने का निर्णय लिया जिस पर अब 155838530 करोड़ रुपये खर्च किया जाना है।मनपा द्वारा ब्रिज के मरम्मत और निर्माण में तीन साल देरी और फिर खर्च में हुई बढ़ोत्तरी को लेकर सवाल खड़ा किया जा रहा है।मनपा विरोधी पक्ष नेता रहे रविराजा ने आरोप लगाया कि जानबूझकर काम



में देरी करना और फिर खर्च की लागत बढ़ाना इस समय मनपा में चल रहा है उन्होंने इसे बड़ा घोटाला होने का आरोप लगाया। ब्रिज के मरम्मत और निर्माण की मूल लागत में 60 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हो गई है। मनपा आयुक्त नेनिस प्रस्ताव को मंजूरी दी है।मनपा प्रशासन का कहना है कि काम में कुछ बदलाव का सुझाव आइआइटी मुंबई ने दिया है। इस कारण ब्रिज में बड़े बदलाव से लेकर उसकी मरम्मत की आवश्यकता है। साथ ही प्रिंसेस स्ट्रीट आरओबी के रंगरोगन का भी काम किया जाएगा। मनपा ने पिछले दिनो मुंबई में कई ब्रीजो के दुर्घटना होने पर 2018 के बाद मुंबई में हर 6 महीने में ब्रिजों का स्ट्रक्चरल ऑडिट कराने का निर्णय लिया है।जिसमें ब्रिज की मौजूदा स्थिति का पता चलता है। लेकिन यह ब्रिज काफी महत्वपूर्ण हैं इसलिए इनका भी स्ट्रक्चरल ऑडिट कराया गया था। आईआईटी मुंबई ने अपनी रिपोर्ट में इन ब्रिजों में मरम्मत की बात कही थी। बता दें कि भायखला स्थित ग्लोरिया ब्रिज को मरम्मत के बाद मई 2014 में आवागमन के लिए खोला गया था। भायखला में सीताराम सेल्वन वाई ब्रिज अंग्रेजों के जमाने का बनाया गया है।यह 100 साल से अधिक पुराना है। डॉकयार्ड में बना ऑलिवेंट रेलवे आरओबी की भी लंबे समय से मरम्मत की आवश्यकता थी। जिसके तहत ब्रिजो का मरम्मत कार्य और नूतनीकरण किया जा रहा है।

# 18 साल के लड़के की जन्मिदन पर ही चार दोस्तों ने की चाकू घोपकर हत्या, इलाके में मची खलबली

**मुंबई :** महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। गोवंडी के शिवाजी नगर इलाके में चार दोस्तों ने बर्थडे पार्टी में एक युवक की हत्या कर दी। 18 वर्षीय साबिर अंसारी ने अपने दोस्तों को 10,000 रुपये खर्च करने के लिए दिए थे। साबिर ने जन्मदिन के लिए पैसे इकट्ठा किए थे। लेकिन, जब साबिर ने अपने दोस्तों को पैसे वापस मांगे, तो उन्होंने बिना पैसे लौटाए साबिर की हत्या कर दी। इस मामले में शिवाजीनगर थाने में मामला दर्ज कर पुलिस ने दो नाबालिगों को हिरासत में लिया है। मिली हुई जानकारी के मुताबिक, साबिर अपने परिवार के साथ गोवंडी के बंगनवाड़ी इलाके में रहता था। 31 मई को जन्मदिन के मौके पर दोस्तों को पार्टी देने के लिए साबिर ने 10 हजार रुपये इकट्ठा




किए थे। लेकिन उसके चार दोस्तों को इसकी भनक लग गई थी। उसने साबिर को उसके जन्मदिन से पहले ही पार्टी के लिए तैयार करने की कोशिश की। लेकिन साबिर ने मना कर दिया क्योंकि उसके जन्मदिन से पहले पैसा खत्म हो जाएगा।

वह पार्टी के लिए तैयार हो गया क्योंकि चारों ने उससे कहा कि वह अपने जन्मदिन से पहले तुम्हें पैसे दे देगा। सभी ने भिवंडी ढाबा, मुंब्रा और माहिम में जाकर पार्टी की। इसके बाद कुछ जन्मदिन आने के बाद भी दोस्तों ने पैसे नहीं दिए। उन्होंने साबिर को धमकाया और भगा दिया। इसके बाद साबिर ने इन चारों दोस्तों को बिना बुलाए 31 मई को डीजे पार्टी का आयोजन किया। इसी बीच साबिर की पार्टी चल रही थी कि उसके चार दोस्त पार्टी में आ गए। वे साबिर से बहस करने लगे। इसके बाद चारों लड़कों ने साबिर के साथ लात-घूसों से मारपीट कर घायल कर दिया। इसके बाद चाकू से गोद कर हत्या कर दी गई।



# 10 घंटे में पुलिस ने सुलझाई सिर कटे महिला की हत्या की गुत्थी

## हाथ पर बने टैटू की मदद से हत्यारे तक पहुंची पुलिस



**भायंदर :** मीरा भायंदर वसई विरार पुलिस आयुक्तालय की क्राइम ब्रांच यूनिट 1 की पुलिस ने मात्र 10 घंटे के अंदर सिर कटे महिला की हत्या की गुत्थी सुलझा ली है ।चरित्र पर संदेह के कारण पति ने ही महिला की हत्या की थी। मृतक महिला के हाथ पर बने टैटू की मदद से पुलिस हत्यारे तक पहुंची ।हत्यारे अपने मूलगांव भागने की तैयारी में थे। तभी पुलिस ने मुंबई के दादर रेलवे स्टेशन से उन्हें गिरफ्तार कर लिया। यूनिट-1 के पुलिस उप आयुक्त जयंत बजबले ने यह जानकारी दी । बजबले ने पत्रकार परिषद के दौरान बताया की शुक्रवार की सुबह भायंदर पश्चिम के उत्तन स्थित पातान बंदर समुद्र किनारे से एक लावारिस बैग मिली थी। बैग के अंदर एक 25 से 30 वर्षीय महिला की धड़ दो हिस्सों में काटकर रखा गया था। जिसका सिर गायब था। मामले की गंभीरता को देखते हुए मृतक महिला की शिनाख्त और हत्यारे की तलाश के लिए काशीमीरा और नवघर क्राइम ब्रांच पुलिस के सहायक पुलिस निरीक्षक प्रशांत गांगुर्डे व अभिजीत लांडे की चार अलग-अलग टीम बनाई गई थी। जो घटनास्थल पर मिले सबूतों और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर अलग-अलग दिशा में हत्यारे की तलाश कर रही थी।

**सिक्योरिटी गार्ड का काम करता है मिंटू सिंह**

पुलिस उप आयुक्त जयंत बजबले ने बताया कि मछुआरों को यह अंदाजा रहता है की कोई भी चीज किस दिशा से बह कर आई है ।उनसे मिली जानकारी के अनुसार वसई विरार की दिशा में तलाश पर जोर दी गई थी। मृतक महिला के हाथ पर बने टैटू के कारण पुलिस की एक टीम मीरा – भायंदर, वसई-विरार परिसर में टैटू बनाने वाले कारीगरों से पूछताछ कर रही थी। इसी दौरान एक कारीगर ने महिला के हाथ पर बने टैटू की पहचान कर बताया कि यह टैटू उसी ने बनाया है ।उसकी मदद से मृतक महिला की शिनाख्त अंजलि मिंटू सिंह (23) के रूप में हुई। इसके बाद पुलिस ने नायगांव पूर्व के राजवली गांव के पास स्थित राज अपार्टमेंट से अंजलि के पति मिंटू राम ब्रिज सिंह( 31) तथा कांदिवली पूर्व के डहानुकर वाडी रोड पर स्थित पुष्पा हेरिटेज से चुनचुन राम ब्रिज सिंह (35) को गिरफ्तार किया है। मिंटू सिंह सिक्योरिटी गार्ड का काम करता है, तो चुनचुन राम ब्रिज सिंह भी सिक्योरिटी सुपरवाइजर का काम करता है। दोनों सगे भाई हैं और बिहार के सीतामढ़ी जिले के रहने वाले हैं। मृतक अंजलि, मिंटू सिंह की पत्नी थी ।जो बिहार नेपाल बॉर्डर के पास की रहने वाली है। 3 साल पूर्व दोनों ने शादी की थी इनका एक 14 माह की लड़की है, जिसे अंजलि की हत्या करने के बाद मिंटू सिंह ने उसकी नानी के पास छोड़ आया था।

# सायन पनवेल हायवे पर सड़क दुर्घटना




**मुंबई :** सायन-पनवेल हाईवे पर बुधवार को अज्ञात वाहन की चपेट में आने से 35 वर्षीय एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की अभी तक पहचान नहीं हो पाई है और मानखुर्द पुलिस ने उसकी तस्वीरें शहर भर के सभी थानों और मानखुर्द क्षेत्र के कई व्हाट्सएप ग्रुपों में प्रसारित की हैं। किसी के गुमशुदगी की शिकायत होने पर जानकारी पुलिस को दी जा सकती है। हम दुर्घटना में शामिल वाहन और उसके चालक का पता लगाने के लिए हायवे पर लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच कर रहे हैं। मानखुर्द पुलिस थाने के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक महादेव कोली ने बताया कि घटना का पता तब चला जब लोगों ने सायन पनवेल हायवे पर मानखुर्द इलाके के टी जंक्शन पर हायवे पर शव पड़ा देखा और पुलिस नियंत्रण कक्ष को इसकी सूचना दी। पुलिस की टीम ने मौके पर पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया है। मामले की जांच पुलिस कर रही है।

# मुंबई में ठाकरे गूट को फिर बड़ा झटका, शिंदे गुट में शामिल हुए दो और नेता...



**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र की राजनीति में आए दिन कई तरह की सियासी हलचल देखी जाती है। ऐसे में अब और एक खबर सामने आई है। जी हां आपको बता दें कि शिंदे गुट की ओर से ठाकरे गुट को एक और बड़ा झटका लगा है। शुक्रवार को ठाकरे गुट के दो पूर्व नगरसेवक अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ शिंदे गुट में शामिल हो गए हैं।

**ठाकरे गूट को और बड़ा झटका**

मिली जानकारी के मुताबिक, कांदिवली बीएमसी वार्ड नंबर 28 के नगरसेवक एकनाथ हुंडारे और पूर्व नगरसेवक गणेश भंडारी शिंदे गुट में शामिल हो गए हैं। बता दें कि वह ठाणे में मेयर आवास परिसर में आयोजित एक कार्यक्रम में शिंदे समूह में शामिल हुए हैं। इसे ठाकरे गुट के लिए एक और झटका माना जा रहा है। फिलहाल इसकी चर्चा पर है।

कांदिवली बीएमसी वार्ड नंबर 28 के नगरसेवक एकनाथ हुंडारे और मढ़ के पूर्व पार्षद गणेश भंडारी मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की मौजूदगी में शिंदे गुट में शामिल हो गए हैं। इतना ही नहीं बल्कि उनके साथ उनके सैकड़ों समर्थक भी शिंदे गुट में शामिल हो गए। मुंबई नगर निगम चुनाव के दौरान ही ऐसा पक्ष प्रवेश होता देख अब इस बात की संभावना है कि ठाकरे गुट को झटका लगेगा।

**शिंदे ने ठाकरे पर साधा निशाना**

बता दें कि इस बार मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने ठाकरे गुट पर निशाना साधा है। पैसा होते हुए भी मुंबई में कोई काम नहीं होता था। भ्रष्टाचार बढ़ गया था । हालांकि, सत्ता में आने के बाद से जिस गति से उन्होंने और उपमुख्यमंत्री फडणवीस ने काम किया है, उससे प्रभावित होकर मुंबई में सभी दलों के प्रतिनिधि शिवसेना में शामिल हो रहे हैं। इतना ही नहीं बल्कि उट शिंदे ने इस दौरान कहा कि काम की वही गति जारी रहेगी। भविष्य में और ढाई साल में मुंबई की सभी सड़कें सीमेंट कंक्रीट से बन जाएंगी। इस तरह अब मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने लोगों को अपने काम का ब्यौरा दिया है।

# शादी का झांसा देकर लाखों की ठगी...

## आरोपित महाराष्ट्र से गिरफ्तार, जीवनसाथी डाट काम से हुई थी दोनों की पहचान



**महाराष्ट्र :** जीवनसाथी डाट काम वेबसाइट के माध्यम से शादी करने का झांसा देकर लाखों रुपये की ठगी करने वाले आरोपित परम सवालाखे को पुलिस ने महाराष्ट्र से गिरफ्तार किया है। प्रार्थिया ने थाना तेलीबांधा में रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। उसने बताया कि जीवनसाथी वेबसाइट के माध्यम से परम सवालाखे नामक व्यक्ति निवासी भीलगांव, नागपुर महाराष्ट्र से संपर्क हुआ था। परम ने खुद को एनएचआइ नागपुर में कार्य करना बताया था। इसके बाद दोनों के बीच बातचीत होने लगी। इसी दौरान 22 मई 2022 को परम सवालाखे प्रार्थिया से मिलने रायपुर आया था। परम सवालाखे ने कुछ आवश्यकता होने पर प्रार्थिया से पांच हजार रुपये की मांग की। उसने फोन-पे के माध्यम से पैसे दे दिए। दूसरी बार उसने फिर से प्रार्थिया से 20 हजार रुपये ले लिए। प्रार्थिया लगातार परम सवालाखे से मिलती रही। आरोपित अपनी दादी एवं पिता के उपचार कराने और देहांत होने सहित अन्य अलग-अलग समस्या बताकर प्रार्थिया से लगातार पैसे की मांग करता था। आरोपित ने प्रार्थी से शादी करने की भी बात कही थी। उसकी बातों में आकर प्रार्थिया ने तीन माह में उसे सात से आठ लाख रुपये दे दिए। कुछ दिनों के बाद जब प्रार्थिया ने पैसे की मांग की तो वह टालमटोल करने लगा। प्रार्थिया को आरोपित के संबंध में जानकारी मिली कि परम सवालाखे शादीशुदा है। उसका एक बेटा है एवं उसकी दादी एवं पिता जीवित है। इसके बाद पीड़िता ने थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई।

## नालासोपारा में हथियार दिखाकर दहशत फैला रहा गिरोह, एक गिरफ्तार, अन्य की तलाश जारी...




**नालासोपारा :** नालासोपारा में पुलिस कई दिनों से आपराधिक गतिविधियों को रोकने की प्रयास में जुटी है। अपराध शाखा यूनिट 3 की पुलिस टीम ने इलाके में लोगों पर हमला करने और उन्हें टारगेट करने वाले आरोपी अमानुल्ला मोहम्मद तलत शेख उर्फ टाइगर नामक एक शख्स को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के पास से एक पिस्तौल और एक कारतूस भी बरामद किया है। जिसकी कीमत 50 हजार 500 रुपये है। इस बात की जानकारी एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि जिस आरोपी को गिरफ्तार किया गया है, उसके गिरोह में 10 सदस्य हैं। वह सभी लोगों में दहशत फैलाने के लिए पिछले कई दिनों से इलाके में आतंक फैला रहे हैं। वह दिनदहाड़े लोगों पर हमलाकर रहे थे। हथियार दिखाकर लोगों में दहशत पैदा कर रहे थे। वहीं, गिरोह के सदस्यों ने उस समय कुछ लोगों पर जानलेवा हमला भी किया था। स्थानीय लोगों ने परेशान होकर इसकी शिकायत पुलिस को दी थी। जिसके आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच में जुटी पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

# करंट लगने से युवती की मौत, उसके 2 दोस्त घायल... निजी बिजली कंपनी पर लापरवाही का मामला दर्ज



**मुंबई :** मुंबई के वकोला में अपने घर के बाहर खेलते समय बिजली के तार की चपेट में आने से सात साल की एक बच्ची की करंट लगने से मौत हो गई, जबकि उसके दो दोस्त घायल हो गए। एक अधिकारी ने बताया कि घटना दावरी नगर इलाके में शुक्रवार रात को हुई। मृतक लड़की सहरीन शेख अपनी सहेलियों- तनिष्का शिंदे और वैष्णवी मालवे के साथ रात करीब 10.30 बजे अपने घर के बाहर खेल रही थी।

**करंट लगने से हुई व्यक्ति की मौत**

वकोला पुलिस थाने के एक अधिकारी ने बताया कि जब शेख ने निर्माण कार्य में इस्तेमाल होने वाले लोहे के एंगल को उठाने की कोशिश की तो उसे करंट लग गया, क्योंकि धातु की वस्तु एक तार के संपर्क में थी, जो टूट कर उस पर गिर गई थी। उन्होंने कहा कि इस घटना में लड़की के दो दोस्त, जो उसकी ही उम्र के हैं, घायल हुए हैं। हादसे को देख राहगीरों ने बच्चियों को बचाने का प्रयास किया और कुछ स्थानीय निवासी नाबालिगों को पास के अस्पताल ले गए, जहां शेख को मृत घोषित कर दिया गया। अधिकारी ने बताया कि उसके दो दोस्तों का इलाज चल रहा है।




# आपसी मतभेद भूलाकर कार्यकर्ता लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुटे : नेपाल सिंह



**ललितपुर।** लोकसभा चुनाव को देखते हुए समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय पर मासिक बैठक सम्पन्न हुई। जिसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष नेपाल सिंह ने की। वहीं मुख्य अतिथि के रूप में झांसी ललितपुर लोकसभा बूथ कमेटी प्रभारी ज्योति सिंह लोधी, विशिष्ट अतिथि के तौर पर समाजवादी महिला सभा जिलाध्यक्ष गीता मिश्रा मौजूद रहीं। मासिक बैठक में बूथ कमेटियों के गठन पर विचार-विमर्श हुआ।

साथ ही संगठन की एकजुटता पर बल दिया गया। बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष नेपाल सिंह ने कहा कि सपा पूरी ताकत के साथ लोकसभा चुनाव में उतरेगी। कार्यकर्ता आपसी मतभेद भूलाकर पार्टी को मजबूती प्रदान करने के लिए एकजुट होकर गांव गांव जाकर पार्टी की नीतियों का प्रचार प्रसार करें। वहीं विशिष्ट अतिथि झांसी ललितपुर लोकसभा बूथ कमेटी प्रभारी ज्योति सिंह लोधी ने कहा कि जब तक बूथ मजबूत नहीं होगा, तब तक पार्टी मजबूत नहीं होगी। इसलिए हमें बूथ स्तर पर और अधिक ताकत से काम करना है। वहीं नव नियुक्त महिला सभा जिलाध्यक्ष गीता मिश्रा ने कहा कि पार्टी कार्यकर्ता लोकसभा चुनाव की तैयारियों में अभी से जुट जाएं। तत्पश्चात शिक्षक सभा जिलाध्यक्ष विजय सिंह ने मासिक बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि आने वाला समय समाजवादियों का है।

## सपा की मासिक बैठक में बूथ कमेटियों पर दिया जोर

गरीब, नौजवान, किसान एवं आम जनता केंद्र एवं प्रदेश सरकार की दमनकारी नीतियों से परेशान हो चुकी है।

मंहगाई से देश का बुरा हाल है। जनता केवल चुनाव का इंतजार कर रही है। उन्होंने आगे कहा कि कार्यकर्ता मजबूती से कार्य करें, तो केंद्र में सरकार बनाने में समाजवादी पार्टी की बड़ी भूमिका होगी। इस दौरान शत्रुघ्न यादव, निवर्तमान यूथ ब्रिगेड जिलाध्यक्ष ह्रदेश यादव, नरेंद्र राजपूत, विनोद रैकवार, राहुल अहिरवार, यादवेन्द्र सिंह ठेकेदार, निखिल शर्मा, हरिसिंह बाबा, संजीव ढिमोले, राममूर्ति तिवारी, महेंद्र साहू, नरेंद्र साहू, यशपाल सिंह, राघवेन्द्र, प्रान सिंह, राजेश पठारी, पवन यादव, बह्मा यादव, कृष्ण पाल, समर पाल, निर्बान सिंह, यशवंत, महेंद्र साह, प्रमोद सिंह इमलिया सहित अनेक सपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## विद्युत चालित चॉक किये वितरित

***ललितपुर।*** *जिला ग्रामोद्योग अधिकारी आर.डी.वर्मा ने बताया कि माटीकला से जुड़े कामगारो, लाभार्थियों को नरेन्द्र प्रताप प्रजापति की अध्यक्षता में जिला ग्रामोद्योग कार्यालय परिसर में 45 विद्युत चालित चॉक टूल्स-किट्स योजना के अन्तर्गत चयनित लाभार्थियों को वितरित कराये गयें जिसमें विशिष्ट अतिथि के रूप में अपर संख्याकी अधिकारी रवि शर्मा, जिला उद्योग केन्द्र, संजय यादव सहायक प्रबंधक, जिला उद्योग केन्द्र, संयोजक आर.डी. वर्मा जिला ग्रामोद्योग अधिकारी अंकित सविता, अरविंद कुमार स्नेही कनिष्ठ सहायक कार्यक्रम में उपस्थित रहे।*

## गौवंश आश्रय स्थल गौवंशो की सुरक्षा एवं भ्रष्ट भूसा चोर के विरुद्ध गबन एवं भ्रष्टाचार तथा गौवध अधिनियम का करें मुकदमा दर्ज : एड मुकेश करमरा




**ललितपुर।** शनिवार को सम्पर्क समाधान दिवश में भाजयुमो के जिला उपाध्यक्ष एड मुकेश करमरा ने ज्ञापन सौंपकर पिछले कुछ दिनों से अखबारों एवं समाचार पत्रों में खबर प्रकाशित हो रही हैं कि गौवंश निरीक्षण करने के पश्चात मुझे जानकारी हुई कि मुख्य पशु चिकित्साधिकारी ललितपुर की लापरवाही के कारण गौवंश लगातार गायब हो रहे हैं। एवं गौवशों के भरण पोषण के लिए भेजें जाने बाली धनराशि का गबन किया जा रहा है ।तथा गौवशों की संख्या बढ़ा चढ़ा कर उनके भरण पोषण की राशि का बन्दर बांट किया जा रहा हैं ।और मुख्य पशु चिकित्साधिकारी द्वारा लगातार झूठी बयानबाजी तथा समाचार पत्रों में फर्जी एवं झूठे बर्जन प्रकाशित कर रहे हैं। झूठी एवं फर्जी ब्यान बाजी से सूबे के मुख्यमंत्री मा योगी जी की छाबि भी खराब हो रही हैं। पत्र में कहा कि दोषी मुख्य पशु चिकित्साधिकारी एवं सम्बंधित कर्मचारी एवं अधिकारियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएं एवं गौवंश निरीक्षण एवं सत्यापन में हो रहे भष्टाचार की जांच की जाए।

# दुधमुंही बच्ची को लेकर पिता फुर्र

## पीड़ित महिला ने जनसुनवाई पर की थी शिकायत, नहीं हुई कोई सुनवाई

***ललितपुर।*** *शहर कोतवाली की नेहरू नगर चौकी क्षेत्र में रहने वाली एक महिला को पति द्वारा विगत तीन दिन से घर में कैद कर लाठी, डंडों व बेल्ट से मारपीट करके दो जून की रात ढाई साल की दुधमुंही बच्ची को लेकर घर से भाग गया है। महिला का अपने पति से विवाद चल रहा है। महिला ने आरोप लगाया है कि उसके पति ने बच्ची को कहीं गायब कर दिया।*

*मामले की शिकायत पीड़ित महिला ने पुलिस अधीक्षक से की है। महिला का कहना है कि विगत दो साल से उसका पति शराब के नशे में धुत होकर अपने साथियों द्वारा गलत काम कराता था, जिसकी शिकायत जनसुनवाई पर की थी। लेकिन महिला थाना द्वारा जोर जबरदस्ती कर महिला थाना की पुलिस ने उसे पति के घर भेज दिया और उसकी एक न सुनी। शिकायत के बाद महिला पुलिस ने समझौता करा दिया था।*

*पीड़ित महिला ने पुलिस अधीक्षक को एक शिकायत पत्र देकर बताया कि ससुराल जन सास, जेठ, तीन देवर, व प्रार्थनी का पति आये दिन गाली गलौज करते थे और मारपीट करते थे। साथ ही पति द्वारा गलत काम करने को मजबूर करते थे, विरोध करने पर वह मारपीट करता था। जिससे तंग आकर उसने जन सुनवाई पर शिकायत की थी, लेकिन महिला थाना द्वारा एक न सुन कर जोरजबरसती कर पति के साथ भेज दिया था। जिनसे परेशान होकर प्रार्थनी अपने मायके मामा के यहां चली गई थी जिस पर दिनांक- 31.05.2023 को प्रार्थनी का पति व भान्जा पीडिता को बहला फुसला कर वापस ससुराल ले आया था।*

*लेकिन प्रार्थनी की सास ने प्रार्थनी के अपने घर मे नही रहने दिया जिस पर प्रार्थनी का पति ने प्रार्थनी के लिये मोहल्ला नेहरू नगर में रखा था कि विगत तीन दिन पूर्व उक्त व्यक्ति पीडिता के साथ गलत काम करने को मजबूर करने लगा, विरोध करने पर गाली-गलौज करते हुए की मारपीट कर दी थी और 2 जून को शाम सात बजे पीडित की पुत्री ढाई वर्ष को लेकर घर के बाहर से कुंडी लगाकर कहीं भाग गया।*

*तभी से प्रार्थनी की पुत्री का कही कुछ पता नहीं चल रहा है एवं पीडित की सास भी अपने घर का ताला लगाकर कहीं चली गई है जिससे प्रार्थनी काफी मानसिक रूप से परेशान है एवं प्रार्थनी को अपनी पुत्री की जानमाल का खतरा बना हुआ है। पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक से उक्त पति के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही करने की मांग की।*

## मनोविज्ञान की प्रायोगिक परीक्षा 05 जून को नेमवि में

**ललितपुर।** नेहरू महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफे. राकेश नारायण द्विवेदी ने अवगत कराया है कि बी.ए. तृतीय सेमेस्टर मनोविज्ञान की प्रायोगिक परीक्षा दिनाँक 05-06-2023 को प्रात: 08:00 बजे से नेहरू महाविद्यालय ललितपुर परीक्षा केन्द्र पर सम्पन्न होगी। छात्र/छात्राओं के 3 बैच बनाये गये हैं। सभी छात्र/छात्रायें बैच एवं सीटिंग प्लान के अनुसार निर्धारित समय पर प्रैक्टीकल फाइल के साथ अनिवार्य रूप से उपस्थित हों।

# दस्त से ग्रसित बच्चो को बांटे जाएंगे ओआरएस एवं जिंक की गोली

## एक कदम सुपोषण की ओर'एवं'सघन दस्त नियंत्रण पखवाड़ा की जिलास्तरीय अभिमुखीकरण

**ललितपुर।** मातृ एवं बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत एक कदम सुपोषण की ओर एवं सघन दस्त नियंत्रण पखवाड़ा की जिलास्तरीय अभिमुखीकरण कार्यशाला का आयोजन जनपद के एक होटल में किया गया। इस दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा.जे.एस.बक्शी ने बताया कि 07 से 22 जून तक सघन दस्त नियंत्रण पखवाड़ा और 7 जून से 6 जुलाई तक एक कदम सुपोषण की ओर अभियान चलाया जाना है। सघन दस्त नियंत्रण पखवाड़ा की महत्ता इससे समझी जा सकती है कि प्रदेश में 05 वर्ष से कम आयु के बच्चों में लगभग 5-7 प्रतिशत मृत्यु दस्त के कारण होती है। इस तरह प्रदेश में प्रतिवर्ष लगभग 16 हजार बच्चों की मृत्यु दस्त के कारण होती है। उन्होंने कहा कि दस्त रोग के उपचार में बच्चे को ओआरएस एवं जिंक की गोली देना हैं। इससे दस्त रोग पर काबू पाया जा सकता है जो बाल मृत्यु दर में कमी लाने में सहायक है। दस्त रोग का मुख्य कारण दूषित पेयजल, स्वच्छता एवं शौचालय का अभाव व 05 वर्ष तक के बच्चों में कुपोषण होना है।



नोडल अधिकारी आरसीएच डा.अमित तिवारी ने बताया कि कुपोषित एवं अतिकुपोषित बच्चों में डायरिया होने की सम्भावना अधिक हो सकती है। बार-बार डायरिया के कारण बच्चे कुपोषण का शिकार हो सकते हैं। डायारिया से बचाव के लिए कुपोषित बच्चों पर विशेष ध्यान दिये जाने की आवश्यकता है। डिस्ट्रिक पब्लिक हेल्थ स्पेशलिस्ट डा.सौरभ सक्सेना ने बताया कि 5 वर्ष से कम उम्र के बच्चों में सैम एक गंभीर चिकित्सीय समस्या है जिससे ग्रसित बच्चों में मृत्यु की सम्भावना 09 गुना अधिक होती है। इस कार्यक्रम के तहत सैम से ग्रसित बच्चों का चिकित्सीय प्रबंधन, गर्भावस्था के दौरान वजन में वृद्धि की जांच तथा एमसीपी कार्ड में सही स्थान पर सूचना अंकित की जाएगी। एक कदम सुपोषण की ओर अभियानके दौरान प्रत्येक गर्भवती व धात्री महिला तक फोलिक एसिड, आयरन फॉलिक एसिड, कैल्शियम एवं एल्बेन्डाजॉल की उपलब्धता व सेवन सुनिश्चित की जाएगी। इसी तरह प्रत्येक सैम से ग्रसित बच्चों तक जरूरी सप्लीमेंट्स की उपलब्धता व सेवन शतप्रतिशत कराया जाएगा।

डीपीएम रजिया फिरोज ने बाल मृत्यु के आंकड़ों पर चिंता जाहिर की। डीसीपीएम गणेश ने प्रपत्र भरने का तरीका बताया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के बीसीपीएम जितेंद्र तिवारी ने बताया कि यदि बच्चों को आयरन मिलता रहे तो एनीमिया की संभावना कम हो जाती है और उसका विकास तेजी से होता है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिरधा की बीपीएम प्रभा राठौर ने बताया कि एक कदम सुपोषण की ओर में शून्य से पांच साल तक के बच्चो की ई कवच पर आनलाइन एंट्री की जानी है। अब बताए निर्देशों के अनुसार काम करेंगे। इस मौके पर एसीएमओ डा.वीरेंद्र सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी नीरज सिंह, जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डा.शिवप्रकाश, डिप्टी सीएमओ डा.अवधेश चंद्र, डिप्टी सीएमओ डा.प्रदीप सिंह, क्वालिटी एश्योरेंस के जिला कंसलटेंट डा.तारिक अंसारी, नगर स्वास्थ्य अधिकारी, डबल्यूएचओ के एसएमओ डा.सुमित बघेल, यूनिसेफ की डीएमसी ज्योति तिवारी, यूएनडीपीएम की वीसीसीएम कहकशा सिद्दीकी, डा.करिश्मा श्रीवास्तव एमपीएच इंटर्न, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के डीसी गौरव जैन, चिकित्सा अधीक्षक, बीपीएम, बीसीपीएम आदि मौजूद रहे। संचालन मातृ परामर्शदाता रवि झा ने किया।

# पटरी पर लौटा शेयर बाजार, सेंसेक्स 62500 और निफ्टी 18500 के पार

***नई दिल्ली। अच्छी शुरुआत के बाद शेयर बाजार की रफ्तार पहले कम हुई और बाद में फिर तेज हो गई है। सेंसेक्स एक बार फिर 62500 के ऊपर पहुंच गया है। सेंसेक्स अब 135 अंकों के फायदे के साथ 62563 के स्तर पर है। जबकि, निफ्टी 45 अंकों की बढ़त के साथ 18532 के स्तर पर कारोबार कर रहा है।***




10:15 बजे अच्छी शुरुआत के बाद शेयर बाजार की रफ्तार कम हो गई है। सेंसेक्स एक बार फिर 62500 के नीचे आ गया है। सेंसेक्स अब 16 अंकों के फायदे के साथ 62445 के स्तर पर है। जबकि, निफ्टी 8 अंकों की बढ़त के साथ 18495 पर कारोबार कर रहा है।

9:15 बजे: वॉल स्ट्रीट की तेजी का असर आज घरेलू शेयर बाजार पर दिख रहा है। दलाल स्ट्रीट में जारी दो दिनों की गिरावट फिलहाल थमती हुई नजर आ रही है। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज का प्रमुख संवेदी सूचकांक सेंसेक्स आज 173 अंक ऊपर 62601 के स्तर पर खुला। वहीं, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 18550 के स्तर से आज के दिन के कारोबार की शुरुआत की।

शुरुआती कारोबार सेंसेक्स 213 अंकों की बढ़त के साथ 62642 के स्तर पर था, जबकि निफ्टी 68 अंक ऊपर 18555 के स्तर पर। शुरुआती कारोबार में निफ्टी टॉप गेनर में हीरो मोटर्स, हिन्डाल्को, टेक महिंद्रा, अडानी एंटरप्राइजेज, अडानी पोर्ट्स थे तो टॉप लूजर में कोल इंडिया, एशियन पेंट्स, टाटा मोटर्स, बीपीसीएल और एचडीएफसी लाइफ जैसे स्टॉक्स थे।

आज अडानी ग्रुप के शेयरों में अडानी एंटरप्राइजेज, अडानी पोर्ट्स में शुरुआती कारोबार में तेजी दिख रही है। अडानी पावर, अडानी विल्मर भी हरे निशान पर हैं। अडानी ग्रीन और अडानी टोटल गैस भी लाल हैं। अडानी ट्रांसमिशन में तेजी है। वहीं, एनडीटीवी , अंबुजा सीमेंट, एसीसी हरे निशान पर ट्रेड कर रहे हैं।

### गुरुवार का हाल

अमेरिकी शेयर बाजार गुरुवार को जहां तेजी के साथ बंद हुए वहीं, घरेलू मार्केट में गिरावट रही। भारी उतार-चढ़ाव के बीच लगातार दूसरे दिन गिरावट रही और सेंसेक्स 194 अंक टूटकर बंद हुआ। सेंसेक्स 193.70 अंक यानी 0.31 प्रतिशत की गिरावट के साथ 62,428.54 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी भी 46.65 अंक यानी 0.25 की गिरावट के साथ 18,487.75 अंक पर बंद हुआ। जबकि, अमेरिकी शेयर बाजार के प्रमुख संवेदी सूचकांक एसएंडपी 500 41.26 अंक या 0.99त्न बढ़कर 4,221.09 पर बंद हुआ। डॉऊ जोन्स इंडस्ट्रियल एवरेज 154.09 अंक या 0.47त्न बढ़कर 33,062.36 पर था। नैस्डैक कंपोजिट 165.70 अंक या 1.28त्न बढ़कर 13,100.98 पर बंद हुआ।

# संस्कार शिक्षण शिविर का समापन बिना संस्कार का मन विस्फोटक की तरह है मुनि श्री निर्दोष सागर महाराज



**भोपाल।** दिगंबर जैन पंचायत कमेटी ट्रस्ट के तत्वाधान में श्रमण संस्कृति सांगानेर के सहयोग से भोपाल के मंदिरों में श्रावक संस्कार शिविर का आयोजन हो रहा था शिविर का समापन चौक जैन धर्मशाला में आचार्य विद्यासागर महाराज के शिष्य मुनि श्री निर्दोष सागर महाराज मुनि श्री निर्लोभ सागर महाराज और मुनि श्री निरुपम सागर महाराज के सानिध्य में हुआ जिसमें राजधानी की सभी मंदिरों में संचालित पाठशाला के बच्चे एवं शिविरआर्थी एकत्रित हुए दिगंबर जैन पंचायत कमेटी ट्रस्ट के मंत्री मनोज आरएम ने बताया शिविर में भारतीय संस्कृति और संस्कारों के साथ अध्यात्म और जीवन जीने की कला विकसित करने की शिक्षा दी गई इसके लिए सांगानेर संस्थान जयपुर से विद्वान आए थे।

दिगंबर जैन पंचायत कमेटी ट्रस्ट के अध्यक्ष मनोज बांगा एवं अन्य पदाधिकारियों ने विद्वानों का सम्मान किया और शिविरार्थियों जी को प्रमाण पत्र दिए गए संचालन मनोज आर एम द्वारा किया गया आशीष वचन में मुनि श्री निर्दोष सागर महाराज ने कहा भारतीय शिक्षा पद्धति भारतीय संस्कृति और संस्कारों को प्राथमिकता दी जाना चाहिए ज्ञान हमेशा आचरण युक्त होना चाहिए।

शिक्षा ऐसी हो जिससे युवा व्यसन मुक्त युवतीया फैशन मुक्त और माता-पिता टेंशन मुक्त रहे और संपूर्ण समाज मिलकर आपसी सामंजस्य के साथ देश के विकास में निरंतर प्रयत्न शील रहे संस्कार शिविर में चौक जैन मंदिर अशोका गार्डन नंदीश्वर जिनालय कस्तूरबा नगर टीटी नगर शंकराचार्य नगर पिपलानी अयोध्या नगर सहित अनेक मंदिरों के लोग शामिल थे इस अवसर पर ट्रस्ट के हुकुमचंद जैन विपिन जैन एम पी टी अभिराज जैन एडवोकेट ऋषभ जैन नितेश मामा अरविंद जैन सहित अनेक लोग मौजूद थे।

# शहर में घूम रहा बाघ, पुलिस और फारेस्ट अलर्ट सारनी एवं पाथाखेड़ा कोयलांचल क्षेत्र के लोग दहशत में

## दो दिनों से रात में देखा जा रहा है बाघ, मुनादी की तैयारी



सारनी। सारनी क्षेत्र में एक बार फिर टाइगर की वापसी हुई है। इससे जहां फारेस्ट और पुलिस अलर्ट है। वहीं एबी-टाइप कालोनी के रहवासी दहशत में है। सतर्कता के लिए पुलिस प्रशासन द्वारा संदेश जारी किया है। घर से अकेले नहीं निकलने की अपील की है। दरअसल सारनी क्षेत्र में घूम रहा बाघ जंगली है। इसके गले में कॉलर आईडी नहीं है। इसके चलते वन अमला अलग-अलग टीमों के जरिए बाघ पर पूरी तरह नजर बनाए हुए हैं। वन विभाग की टीम 24 घंटे सीएचपी, राख बांध, एबी-कालोनी, स्कीमर वाल, पावर प्लांट और आसपास के क्षेत्र में भ्रमण कर पल-पल की जानकारी वरिष्ठ अधिकारियों से शेयर कर रहे हैं।

### दो दिनों से घूम रहा है बाघ

सारनी में दो दिनों से बाघ घूम रहा है निरीक्षण करने पर दिन में (फुटप्रिंट) पगमार्क मिलते हैं। जबकि बाघ की झलक अक्सर रात में ही दिखाई देती है। अब तक सीएचपी, एबी-टाइप कालोनी और राख बांध पर बाघ दिखाई दिया है पर अंधेरे की वजह से कैमरे में कैद नहीं हो सका। बार बार रिहायशी क्षेत्र व आसपास बाघ दिखाई देने से वन विभाग चिंतित है। बाघ की सुरक्षा में कोई भी चूक नहीं रह जाए इसको लेकर वरिष्ठ अधिकारियों के दिशा निर्देश पर पूरा वन अमला निगरानी में लगा है। लेकिन मीडिया से वन विभाग खुलकर कुछ नहीं बता रहा अच्छी बात यह है कि वन विभाग द्वारा बाघ की मूवमेंट होने की बात स्वीकार की है।

### टाइगर इज बेक

अक्टूबर 2018 में पहली बार राजेगांव के एक खेत में टाइगर कैमरे में कैद हुए इसके बाद 1 दिसम्बर को एबी-टाइप कालोनी बाघ कैद हुआ जिसे 10 दिन बाद ट्रेंक्यूलाइज किया गया। जिसे एसटीआर मढ़ई में छोड़ा गया। यही बाघ फरवरी 2019 में पुनः सारनी वापस आ गया जिसे दोबारा दोबारा ट्रेंक्यूलाइज कर ऑब्जर्वेशन में रखकर वन विहार भोपाल में छोड़ दिया गया। इसके बाद से कई बार बाघ की मूवमेंट मिलती रही। एसटीआर की टीम कॉलर आईडी से बाघ पर निगरानी रखते रहे लेकिन बीते दो दिनों से जो बाघ सारनी में घूम रहा है उसमें कॉलर आईडी नहीं होने से उस पर निगरानी रखना मुश्किल हो रहा है।

### इनका कहना

बाघ की मूवमेंट है रेस्क्यू टीम संपर्क में है सारणी और आसपास के क्षेत्र में सतत निगरानी रखी जा रही है। लोगों को सतर्क रहने की आवश्यकता है।

**एस नायक, प्रभारी, रेंजर सारनी।**

सारनी क्षेत्र में टाइगर घूम रहा है। रात में देखा गया है। लोगों से अपील है कि सुबह और शाम के समय कोई भी अकेले घर से नहीं निकले। घर में सतर्क और सुरक्षित रहे।

**रत्नाकार हिंगे, टीआई, सारनी।**

# द केरल स्टोरी के बाद अब '72 हूरें' पर मचा बवाल, लोग बोले- आ गई एक और प्रोपेगैंडा फिल्म

संजय पूरन सिंह चौहान की फिल्म ह्य72 हूरें' का टीजर रविवार को रिलीज किया गया।51 सेकंड के इस टीजर में ओसामा बिन लादेन, अजमल कसाब, याकूब मेमन, मसूद अजहर, हाफिज सईद और सादिक सईद जैसे खूंखार आतंकवादियों और चरमपंथी नेताओं का जिक्र है। बता दें कि संजय ने 2021 में इसी फिल्म के लिए बेस्ट डायरेक्टर का नेशनल अवॉर्ड जीता था।

**72 हूरें पर मचा बवाल**

टीजर में एक चरमपंथी नेता के भड़काऊ भाषण के साथ बैकग्राउंड वॉइस ओवर है, जिसमें जिहाद के बारे में बात की गई है। बताया गया है कि कैसे इस्लाम की इस लड़ाई में शहीद होने वाले को जन्नत नसीब होती है। तरण आदर्श ने अपने सोशल मीडिया पर टीजर शेयर किया और वीडियो को कैप्शन दिया, '''72 हूरें' फर्स्ट लुक आउट नाउ... 7 जुलाई रिलीज... दो बार के नेशनल अवार्ड विजेता Sanjay Puran Singh Chauhan, 72 Hoorain का फर्स्ट लुक...




जैसे ही 72 हूरें का टीजर रिलीज हुआ, कई नेटिजन्स को इसका कॉन्सेप्ट पसंद नहीं आया। उन्होंने इसे द कश्मीर फाइल्स और द केरला स्टोरी के बाद एक और प्रॉपेगैंडा प्रोजेक्ट बताया। एक नेटिजन ने लिखा, ''केरल और कश्मीर के बाद नया प्रोपेगैंडा फिल्म।'' एक अन्य यूजर ने लिखा, ''ज्यादातर फ्लॉप अभिनेताओं के निर्देशकों और निमार्ताओं ने भारतीय बहुमत को क्रैक कर लिया है। विवेक अग्निहोत्री, अदा शर्मा कभी भी नॉन प्रोपेगेंडा वाली फिल्म नहीं कर सकते हैं और अपने दम पर बॉक्स ऑफिस पर 200 करोड़ नहीं कमा सकते हैं।''

**बताया प्रोपेगैंडा फिल्म**


तो किसी ने लिखा कि मुसलमानों की वजह से कितने नेताओं और एक्टरों का घर चल रहा है, देखकर अच्छा लग रहा है। एक यूजर ने लिखा, ''एक और प्रोपेगैंडा फिल्म...लाख बुरा चाहे तो क्या होगा वही होगा जो मंजूर-ए-खुदा होगा।'' एक इंटरनेट यूजर ने कहा, ''बॉलीवुड लगातार ऐसी फिल्मों के कारण अपना आकर्षण खो रहा है।'' 72 हूरें के प्रोड्यूसर अशोक पंडित हैं। निमार्ताओं का दावा है कि इसे देखकर आपको पता चलेगा कि कैसे 72 हूरों का लालच देकर युवाओं को भटकाया जाता है। ये फिल्म 7 जुलाई 2023 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

## एलिमेंटल ट्रेलर अब हिंदी में!



डिज्नी और पिक्सर इंडिया ने अपनी आगामी फीचर फिल्म एलिमेंटल के लिए हिंदी में उग्र लेकिन शांत देसी ट्रेलर जारी किया है! डिज़्नी और पिक्सर की ₹एलिमेंटल₹ एक पूरी तरह से नई ओरिजिनल फीचर फिल्म है, जो फिल्म देखने वालों को एलिमेंट सिटी नामक एक असाधारण जगह पर ले जाती है, जहां कई तत्व रहते हैं और काम करते हैं। ट्रेलर प्रत्येक तत्व- वायु, पृथ्वी, जल और अग्नि को प्रदर्शित करता है- और एम्बर के अनुसार उन्हें अलग करता है, एक तेज-तर्रार और उग्र महिला जो हमेशा फायरटाउन में घर के करीब रहती है। ₹एलिमेंटल₹ में, वह आखिरकार पिक्सर के फिल्म निर्माताओं की कल्पनाओं से पैदा हुई और विशेष रूप से बड़े पर्दे के अनुभव के लिए तैयार की गई इस शानदार दुनिया का पता लगाने के लिए अपने आराम क्षेत्र से बाहर निकलती है। डिज्नी इंडिया एलिमेंटल को 16 जून, 2023 को सिनेमाघरों में अंग्रेजी और हिंदी में रिलीज करेगी।

## न पत्थर, न ब्लेड ...अब उर्फी जावेद ने टी-बैग से बनाई ड्रेस, यूजर बोले- चलती फिरती चाय की दुकान




एक्ट्रेस उर्फी जावेद रोजाना अपने अतरंगी फैशन को लेकर चर्चा में रहती है। इसी फैशन के चलते आज उर्फी जावेद के साथ कई बड़े-बड़े फैशन डिजाइनर्स ने काम किया है। इस बीच अदाकारा का एक नया वीडियो सामने आया है, जिसमे वह टी-बैग से बनी ड्रेस पहने नजर आ रही हैं। उर्फी का ये अवतार देख सोशल मीडिया पर लोगों के होश उड़ गए है। हमेशा की तरह इस बार भी उर्फी जावेद नया फैशन लेकर आई है। एक बार फिर अपनी ड्रेस को बनाने में नया प्रयोग किया है। दरअसल, उर्फी जावेद ने इस बार अपनी ड्रेस टी-बैग से बनाई है। इस वीडियो में आप देख सकते हैं कि उर्फी जावेद ग्रीन टी बनाकर पी रही है।

## पुष्पा 2 की टीम का हुआ एक्सीडेंट





अल्लू अर्जुन की फिल्म पुष्पा 2 की टीम के साथ बड़ा सड़क हादसा हो गया है, जिसमें कई आर्टिस्ट के घायल होने की खबर सामने आई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक पुष्पा 2 की टीम बुधवार को तेलंगाना से शूटिंग के बाद आंध्र प्रदेश वापस लौट रही थी। इस दौरान टीम की बस ने सड़क पर खड़ी दूसरी बस को टक्कर मार दी। बताया जा रहा है कि एक्सीडेंट बुधवार सुबह नारकेटपल्ली के पास हैदराबाद-विजयवाड़ा हाइवे पर हुआ। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो बस में बैठे 2 आर्टिस्ट को गंभीर चोटें आई और उन्हें तुरंत हॉस्पिटल ले जाया गया। इसके अलावा टीम के अन्य कलाकार भी घायल हुए हैं। हालांकि, अभी तक एक्सीडेंट को लेकर पुष्पा 2 की टीम की तरफ से कोई ऑफिशियल जानकारी नहीं आई है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक रास्ते में आंध्र प्रदेश राज्य सड़क परिवाहन निगम की बस खड़ी थी, जिसे तकनीकी खराबी की वजह से सड़क के किनारे खड़ा किया गया था। दूसरी ओर पुष्पा 2 यूनिट बस के चालक का सड़क पर खड़ी बस पर ध्यान नहीं गया। उसने अचानक बस को टक्कर मार दी। हादसे के कारण कुछ घंटों के लिए भारी जाम लग गया, वहीं पुलिस ने मौके पर पहुंचकर तहकीकात शुरू की। बता दें कि पुलिस हादसे के बारे में और जानने के लिए आसपास के CCTV फुटेज की जांच कर रही है।




## सिनेमाघरों में लौटेगा वीराना!

हॉरर फिल्मों का दुनियाभर में बहुत बड़ा बाजार है। डर, दहशत और खौफ जैसे शब्दों में मनोरंजन ढूंढने वालों की लिस्ट में हॉरर फिल्में सबसे ऊपर रहती हैं। फिल्ममेकिंग में भी यह एक सफल और लोकप्रिय जॉनर माना जाता है और दुनिया की हर फिल्म इंडस्ट्री एक से बढ़कर एक डरावनी फिल्में बनाती रहती है। कुछ फिल्में तो ऐसी आयी हैं, जिन्हें अकेले देखना बेहद मुश्किल होता है। डर के इसी एहसास को भुनाने के लिए अक्सर इन फिल्मों को देखने के लिए इनाम का एलान भी किया जाता रहा है, जो लोकप्रियता बढ़ाने में मदद करता है। हॉलीवुड की हॉरर फिल्म द बूगीमैन 2 जून को सिनेमाघरों में आ रही है। इस फिल्म के प्रचार के लिए मल्टीप्लेक्स चैन पीवीआर सिनेमाज ने एक अनोखे कॉन्टेस्ट Dare To Watch Alone का एलान किया है।

मालिक , मुद्रक,प्रकाशक ,संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिंटिंग प्रेस , गाला नं 3 - 4 ,अमीन इंडस्ट्रियल इस्टेट ,सोनावला क्रॉस रोड नं 12 ,गोरगांव ( पूर्व ),मुंबई 63 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। संपर्क कार्यालय : 1 -ए, ग्राउंड फ्लोर साहिल मेंशन, बालमिया लेन, माहिम वेस्ट मुंबई 400016 मोबाइल नं 9987 77 5650 व्हाट्सप्प नं 7977 40 8589 : Email -editor@rokthoklekhaninews.com